तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गंगाराम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353773339105826	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/02/26	अपीलार्थी गंगाराम निवासी न्यु प्रजापत कॉलोनी, सब्जी मंडी के पास, रातानाड़ा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 19.12.2025 बंटवाडा आदेश क्रमांक 1552 दिनाक 25/07/1972 ग्राम कुडी भगतासनी जोधपुर ग्राम कुडी भगतासनी के खसरा नं 203, 204, 205, 206, 207, 208, 315, 201 का बंटवाडा आदेश दिनांक 25/5/1972 क्र.सं. 1552 भीख सिंह राजपुत वगैराह के बीच हुआ बंटवाडा से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 36 दिनांक 12.02.2026 द्वारा अवगत करवाया कि अपीलार्थी का सूचना का अधिकार आवेदन कार्यालय तहसीलदार जोधपुर से संबंधित नहीं होने के कारण पत्रांक 720 दिनांक 30.12.2025 द्वारा तहसीलदार कुड़ी भगतासनी को अंतरित किया जा चुका है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.20 17:57:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20671960